**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1058**

**दिनांक 05 दिसंबर, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**तम्बाकू का सेवन**

**†1058. श्री एम. के. राघवनः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास नवीनतम राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) या वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (जीएटीएस) के अनुसार सिगरेट, बीड़ी और धूम्ररहित तंबाकू उत्पादों सहित तंबाकू की खपत पर व्यापक आंकड़े हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार और आयु-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने पिछले पांच वर्षों के दौरान अठारह वर्ष से कम आयु के युवाओं में तम्बाकू के सेवन में कोई वृद्धि अथवा कमी देखी है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा इसके क्या कारण हैं;

(ङ) क्या सरकार को जानकारी है कि कुछ राज्यों में धूम्ररहित तम्बाकू के उपयोग का प्रचलन काफी अधिक है; और

(च) यदि हां, तो राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस समस्या के समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत, दो राष्ट्रीय स्तर के प्रतिनिधिक सर्वेक्षण किए जाते हैं - वैश्विक वयस्क तंबाकू सर्वेक्षण (जीएटीएस) और वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण (जीवाईटीएस), जो तंबाकू की व्यापकता और अन्य तंबाकू नियंत्रण संकेतकों का आकलन करते हैं। जीएटीएस के दूसरे दौर (जीएटीएस-2, 2016-17) के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के 28.6% वयस्क किसी न किसी रूप में तंबाकू का सेवन करते हैं। तंबाकू उपयोगकर्ताओं का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, आयु-वार और श्रेणी-वार विस्तृत आँकड़ा अनुबंध 1 में दिया गया है।

(ग) और (घ): 13-15 वर्ष आयु वर्ग के स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए किए गए वैश्विक युवा तंबाकू सर्वेक्षण (जीवाईटीएस) के अनुसार, तंबाकू के उपयोग में 14.6% (जीवाईटीएस-3, 2009) से 8.4% (जीवाईटीएस-4, 2019) तक की कमी दर्ज की गई है। इसके अलावा, जीएटीएस के आंकड़े जीएटीएस-1 (2009-2010) और जीएटीएस-2 (2016-2017) सर्वेक्षणों के बीच 15-17 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं में तंबाकू के उपयोग में 54% की सापेक्ष कमी दर्शाते हैं।

(ङ) और (च): जीएटीएस 2016-17 के अनुसार, कुछ राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में धूम्ररहित तंबाकू का प्रचलन अधिक है, जैसा कि अनुबंध 1 में दर्शाया गया है। भारत सरकार द्वारा देश भर में उठाए गए कुछ प्रमुख कदम नीचे दिए गए हैं:

- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने तंबाकू उत्पादों के व्यापार एवं वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति और वितरण को विनियमित करने के लिए सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (कोटपा), 2003 नामक एक व्यापक कानून बनाया है।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट प्रतिषेध अधिनियम (पेका), 2019 भी बनाया है, जो इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट और संबंधित उपकरणों के उत्पादन, निर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने कोटपा के प्रावधानों के प्रभावी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने, तंबाकू के उपयोग को हतोत्साहित करने और तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 2007-08 में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम (एनटीसीपी) शुरू किया था।
- इन जागरूकता प्रयासों के एक भाग के रूप में, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने युवाओं को तंबाकू के खतरों के बारे में जागरुक करने और उन्हें तंबाकू सेवन का विरोध करने या छोड़ने के लिए सशक्त बनाने हेतु 2023 से 60-दिवसीय वार्षिक तंबाकू मुक्त युवा अभियान भी शुरू किया है।
- मंत्रालय ने एक टोल-फ्री राष्ट्रीय तंबाकू क्विटलाइन सेवा (1800-112-356) की स्थापना की है, जिसका संचालन चार क्विटलाइन केंद्रों (दिल्ली, मुंबई, गुवाहाटी, बेंगलुरु) द्वारा किया जाता है, जो सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को कवर करते हैं और क्षेत्रीय/स्थानीय भाषाओं सहित 16 भाषाओं में परामर्श प्रदान करते हैं।
- एनटीसीपी, राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग (एनएमसी) और राष्ट्रीय दंत चिकित्सा आयोग (एनडीसी), राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम (एनओएचपी) आदि के एकीकृत प्रयासों के तहत देश भर में 2,000 से अधिक तंबाकू निषेध केंद्र (टीसीसी) स्थापित किए गए हैं।
- स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम (एफएसएसएआई), 2006 के विनियमन 2.3.4 के तहत किसी भी खाद्य उत्पाद में तंबाकू/निकोटीन के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।

*****

**अनुलग्नक 1**

**(i). 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के लोगों में तंबाकू का उपयोग, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार, जीएटीएस 2, 2016-17:**

| राज्य/संघ राज्य क्षेत्रों | वर्तमान में किसी भी रूप में तम्बाकू का उपयोग करने वाले वयस्कों का प्रतिशत | |
|---|---|---|
| | कुल मिलाकर | धूम्ररहित तम्बाकू उपयोगकर्ता |
| भारत | 28.6 | 21.4 |
| जम्मू और कश्मीर | 23.7 | 4.3 |
| हिमाचल प्रदेश | 16.1 | 3.1 |
| पंजाब | 13.4 | 8.0 |
| चंडीगढ़ | 13.7 | 6.1 |
| उत्तराखंड | 26.5 | 12.4 |
| हरियाणा | 23.6 | 6.3 |
| दिल्ली | 17.8 | 8.8 |
| राजस्थान | 24.7 | 14.1 |
| उत्तर प्रदेश | 35.5 | 29.4 |
| छत्तीसगढ़ | 39.1 | 36.0 |
| मध्य प्रदेश | 34.2 | 28.1 |
| पश्चिम बंगाल | 33.5 | 20.1 |
| झारखंड | 38.9 | 35.5 |
| ओडिशा | 45.6 | 42.9 |
| बिहार | 25.9 | 23.5 |
| सिक्किम | 17.9 | 9.7 |
| अरुणाचल प्रदेश | 45.5 | 39.3 |
| नागालैंड | 43.3 | 39.0 |
| मणिपुर | 55.1 | 47.7 |
| मिजोरम | 58.7 | 33.5 |
| त्रिपुरा | 64.5 | 48.5 |
| मेघालय | 47.0 | 20.3 |
| असम | 48.2 | 41.7 |
| गुजरात | 25.1 | 19.2 |
| महाराष्ट्र | 26.6 | 24.4 |
| गोवा | 9.7 | 6.5 |
| आंध्र प्रदेश | 20.0 | 7.1 |
| तेलंगाना | 17.8 | 10.1 |
| कर्नाटक | 22.8 | 16.3 |
| केरल | 12.7 | 5.4 |
| तमिलनाडु | 20.0 | 10.6 |
| पुदुचेरी | 11.2 | 4.7 |

**(ii) जीएटीएस 2, 2016-17 के अनुसार, तंबाकू उपयोग करने के पैटर्न के हिसाब से 15 वर्ष या उससे अधिक उम्र के वयस्कों का प्रतिशत:**

| **पृष्ठभूमि विशेषताएँ** | **वर्तमान तम्बाकू उपयोगकर्ता** | **वर्तमान तम्बाकू उपयोग का प्रकार** | | | **गैर उपयोगकर्ता** | **कुल** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **केवल धूम्रपान** | **केवल धूम्ररहित** | **धूम्रपान और धूम्रपान रहित दोनों** | | |
| कुल मिलाकर | 28.6 | 7.2 | 17.9 | 3.4 | 71.4 | 100 |
| आयु | | | | | | |
| 15-24 | 12.4 | 1.6 | 9.1 | 1.8 | 87.6 | 100 |
| 25-44 | 30.1 | 6.8 | 19.2 | 4.1 | 69.9 | 100 |
| 45-64 | 39.8 | 12.7 | 23.0 | 4.1 | 60.2 | 100 |
| 65+ | 41.4 | 11.8 | 25.9 | 3.7 | 58.6 | 100 |

**(iii). जीएटीएस 2, 2016-17 के अनुसार, श्रेणी-वार तंबाकू उपयोग के पैटर्न का प्रतिशत वितरण:**

| | |
|---|---|
| सिगरेट | 4% |
| बीड़ी | 7.7% |
| सिगार, चुरूट या सिगारिलोस | 0.3% |
| हुक्का | 0.7% |
| अन्य धूम्रपान उत्पाद | 0.1% |
| तंबाकू के साथ पान सुपारी | 5.8% |
| खैनी या तंबाकू चूने का मिश्रण | 11.2% |
| गुटखा या तंबाकू, चूना, सुपारी का मिश्रण | 6.8% |
| मुख- तंबाकू का उपयोग (मिश्री, गुल, गुड़ाखू) | 3.8% |
| तंबाकू वाला पान मसाला | 2.8% |
| सुंघनी | 0.6% |
| अन्य धूम्ररहित तम्बाकू उत्पाद | 0.3% |

*****